## एक नजर में

### डीपी आभूषण ने तीसरी तिमाही के वित्तीय नतीजे घोषित किए

इंदौर. डीपी आभूषण लिमिटेड ने 31 दिसंबर 2025 को खत्म हुई तीसरी तिमाही और नौ महीनों के लिए अपने वित्तीय नतीजे घोषित किए परफॉर्मेंस पर कमेंट करते हुए, मैनेजिंग डायरेक्टर संतोष कटारिया ने कहा इस तिमाही के दौरान, कंपनी ने अच्छा परफॉर्मेंस दिया, इंडस्ट्री भर में सोने की बढ़ी हुई कीमतों के बावजूद, जिससे वॉल्यूम पर असर पड़ा, 13% सालाना रेवेन्यू ग्रोथ दर्ज की. एबिटा और पेट में क्रमश: 89% और 96% की सालाना बढ़ोतरी हुई. अक्टूबर और नवंबर के दौरान शादी की डिमांड, साथ ही उत्साहजनक फेस्टिव माहौल ने रेवेन्यू ग्रोथ को सपोर्ट किया. फेस्टिव गिफ्टिंग और किफायती डिमांड के कारण, इस तिमाही में चांदी एक मुख्य ग्रोथ ड्राइवर के रूप में उभरी. जिन कस्टमर्स के इवेंट्स तय थे, खासकर शादियां, उन्होंने एक्टिव रूप से खरीदारी जारी रखी, जबकि इन्वेस्टमेंट करने वाले कस्टमर्स हमारी बचत और जमा योजनाओं के माध्यम से जुड़े रहे.

### मैरिंगो हॉस्पिटल को छह रेनल डिनर्वेशन में बड़ी उपलब्धि

इंदौर. मैरिंगो सिम्स हॉस्पिटल ने छह रेनल डिनर्वेशन (आरडीएन) प्रोसीजर पूरे करके एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है. यह संख्या गुजरात में सबसे ज़्यादा है और भारत में सबसे ज़्यादा में से एक है. ये प्रोसीजर इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट की एक सीनियर टीम ने किए, जिसमें डॉ. केयूर पारिख, डॉ. विपुल कपूर और डॉ. तेजस वी. पटेल शामिल थे. यह माइलस्टोन अस्पताल को भारत में रेज़िस्टेंट हाइपरटेंशन के लिए एडवांस्ड थैरेपी प्रदान करने वाले अग्रणी केंद्रों में स्थान दिलाता है. मैरिंगो सिम्स हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. केयूर परिख ने कहा कि, 'जब किसी मरीज का ब्लड प्रेशर तीन या उससे अधिक दवाएँ लेने के बावजूद 140/90 से ऊपर बना रहता है, तो स्ट्रोक, हार्ट फेल्योर और किडनी को नुकसान होने का जोखिम काफी बढ़ जाते है. रीनल डिनर्वेशन हमें और दवाएँ जोड़ने के बजाय रेज़िस्टेंट हाइपरटेंशन के मूल कारण को लक्षित करने की अनुमति देता है.

### किंग ने रिलीज किया 'जो इश्क हुआ'

इंदौर. पॉप स्टार किंग इस वेडिंग सीजन में फिर से अपने शानदार नए गाने 'जो इश्क़ हुआ' के साथ लौटे हैं। दिल को छू जाने वाला और रिश्तों में गर्माहट लाने वाला यह गाना प्यार के मजबूत रिश्तों को समर्पित है. म्यूजिक वीडियो 'जो इश्क हुआ' में लोकप्रिय अभिनेत्री श्रिया पिलगांवकर किंग के आगामी एल्बम राजा हिंदुस्तानी की एक झलक पेश करती हैं. इस ट्रैक के बारे में किंग ने कहा जो इश्क हुआ' बहुत ही ईमानदारी से बनाया गया गाना है. यह गाना ऐसे प्यार को दिखाता है जिसे बड़े-बड़े ऐलान की जरूरत नहीं होती, यह बस बना रहता है. यह गाना सॉफ्ट, दिल को छू लेने वाले पलों से शुरू होकर एक रिच, शानदार साउंड में बदल जाता है जो प्यार की गर्माहट को दिखाता है. हम चाहते थे कि यह सिनेमाई होने के साथ-साथ अंतरंग और सभी तरह के खास पलों के लिए भी हो'.

### लॉर्ड्स मार्क ने की मल्टी-स्टेट निवेश विस्तार की रणनीति पेश

इंदौर. स्वच्छ ऊर्जा, हेल्थकेयर तक पहुंच और घरेलू मैन्युफैक्चरिंग में भारत की राष्ट्रीय प्राथमिकताएं अब तेज़ी से लागू होने के चरण में आगे बढ़ रही है. इस बदलाव के साथ तालमेल बिठाते हुए, लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज लिमिटेड खुद को इस बदलाव को संभव बनाने में एक लॉन्ग-टर्म प्राइवेट सेक्टर पार्टनर के रूप में स्थापित कर रही है. स्विट्ज़रलैंड के दावोस-क्लोस्टर्स में आयोजित वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के दौरान कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर सच्चिदानंद उपाध्याय के नेतृत्व में हुई रणनीतिक बातचीत के बाद, कंपनी ने स्वच्छ ऊर्जा, हेल्थकेयर और मैन्युफैक्चरिंग में एक मल्टी-स्टेट इन्वेस्टमेंट रोडमैप बताया है. सच्चिदानंद उपाध्याय ने कहा दावोस में हमारी बातचीत क्लीन एनर्जी और हेल्थकेयर में स्केलेबल प्लेटफॉर्म बनाने के लिए एक फोकस्ड अप्रोच को दर्शाती है. ये पहलें हमारी लॉन्ग-टर्म ग्रोथ विजिबिलिटी को मजबूत करती हैं, साथ ही रोजगार सृजन और क्षेत्रीय इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट में भी महत्वपूर्ण योगदान देती हैं. बताया गया रेवेन्यू प्रोजेक्ट पूरा होने और इसके लिए सरकारी पॉलिसी पर निर्भर करता है.

### एसईएल टाइगर टीएमटी बार्स मप्र में पकड़ मजबूत कर रहा

इंदौर. श्याम मेटालिक्स का प्रमुख टीएमटी ब्रांड एस-ई-एल टाइगर टीएमटी बार्स एक केंद्रित क्षेत्रीय विस्तार रणनीति के तहत मध्य प्रदेश में अपनी पकड़ को मजबूत कर रहा है. अपने जमीनी स्तर के बाजार विकास रणनीति के तहत, कंपनी ने मध्य प्रदेश के प्रमुख जिलों में एक बड़े पैमाने पर वैन एक्टिवेशन अभियान शुरू किया है. यह अभियान भोपाल, इंदौर, नीमच, मुरैना, मंदसौर, रतलाम, धार, राजपुर, उज्जैन, सेंधवा, बैतूल, सागर, सतना, गुना, रीवा, देवास, पन्ना, जबलपुर, कटनी, टीकमगढ़ और छतरपुर तक फैला हुआ है. विस्तार पर टिप्पणी करते हुए सेल्स एंड मार्केटिंग के एसोसिएट प्रेसीडेंट अनीश मिश्रा ने कहा मध्य प्रदेश अपने विविध निर्माण पारिस्थितिकी तंत्र और गुणवत्ता स्टील की लगातार बढ़ती मांग के कारण हमारी विकास रणनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता हैं. हमारा फोकस केवल पहुंच बढ़ाने पर नहीं, बल्कि निरंतर उपलब्धता और प्रत्यक्ष बाजार जुड़ाव के माध्यम से दीर्घकालिक प्रासंगिकता बनाने पर है.

### तीन दिवसीय नर्मदा साहित्य मंथन आज से




इंदौर. विश्व संवाद केंद्र और पत्रकारिता एवं जनसंचार अध्ययन शाला देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर द्वारा आयोजित नर्मदा साहित्य मंथन आज से प्रारंभ होगा. 1 फरवरी तक चलने वाले इस साहित्यिक और सांस्कृतिक आयोजन का उद्घाटन प्रात: 10 बजे देवी अहिल्या विश्वविद्यालय सभागार तक्षशिला परिसर खंडवा रोड पर होगा. इस सत्र के मुख्य अतिथि केरल के राज्यपाल राजेन्द्र आर्लेकर रहेंगे. इस सत्र में आचार्य मिथिलेश शरण नंदिनी भी रहेंगे.

### मॉन्ट्रा ने पीएम ई-ड्राइव इलेक्ट्रिक ट्रक डिलीवर किया

इंदौर. मुरूगप्पा ग्रुप के हिस्से मॉन्ट्रा इलेक्ट्रिक ने भारत की क्लीन मोबिलिटी यात्रा में एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है. कंपनी पीएम ई-ड्राइव योजना के तहत सर्टिफिकेशन प्राप्त करने वाली पहली हैवी-ड्यूटी इलेक्ट्रिक ट्रक निर्माता बन गई है. इस उपलब्धि के साथ मॉन्ट्रा इलेक्ट्रिक ने अल्ट्रा टेक सीमेंट लिमिटेड को देश का पहला पीएम ई-ड्राइव-सर्टिफाईड इलेक्ट्रिक हैवी ट्रक, राइनो 5538, ईवी 6×4 ट्रैक्टर ट्रेलर डिलीवर किया है. इस उपलब्धि का जश्न अरुण मुरुगप्पन, चेयरमैन-मॉन्ट्रा इलेक्ट्रिक, जलज गुप्ता, एमडी-मॉन्ट्रा इलेक्ट्रिक, साथिया राज, चीफ प्रोक्योरमेंट ऑफिसर, अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड की मौजूदगी में मनाया गया. एच.डी.कुमारस्वामी, केन्द्रीय भारी उद्योग मंत्री ने कहा पीएम ई-ड्राइव योजना हैवी-ड्यूटी इलेक्ट्रिक व्हीकल सेगमेन्ट में भारतीय इनोवेशन की बढ़ती क्षमता को दर्शाती है। इलेक्ट्रिक ट्रक हमारे नैट ज़ीरो लक्ष्य केन्द्र बिन्दु हैं और इस तरह के सर्टिफिकेशन के माध्यम से आत्म-निर्भर प्रणाली को बढ़ावा देकर हम आत्मनिर्भर विकसित भारत की भावना को प्रोत्साहित कर रहे हैं.

### शाओमी ने प्रीमियम सर्विस सेंटर का किया विस्तार

इंदौर. शाओमी ने आज भारत में अपने प्रीमियम सर्विस सेंटर नेटवर्क के रणनीतिक विस्तार की घोषणा की, जिसमें 15 नए शहरों में सेंटर लॉन्च किए गए हैं. यह देश भर में 100 प्रीमियम सर्विस सेंटर स्थापित करने की शाओमी की योजना का दूसरा फेज़ है. आज लुधियाना और इंदौर में लॉन्च के बाद, 30 जनवरी को विशाखापत्तनम, सूरत और लखनऊ में नए प्रीमियम सर्विस सेंटर लॉन्च होंगे. ये सभी 15 नए प्रीमियम सर्विस सेंटर 2026 की पहली तिमाही में एक के बाद एक तय समय पर शुरू होंगे. सुधिन माथुर, चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर, शाओमी इंडिया ने कहा कि हमारे पहले 10 प्रीमियम सर्विस सेंटर्स को मिले ज़बरदस्त रिस्पॉन्स ने यह साबित कर दिया है कि ग्राहक तेज़ी से, ज़्यादा भरोसेमंद और अनुभव-आधारित आफ्टर-सेल्स सपोर्ट को ज़्यादा अहमियत देते हैं. 2026 के लिए शाओमी की वैल्यू-फॉर-एक्सपीरियंस स्ट्रैटेजी के तहत, 15 और शहरों में विस्तार करना इस सर्विस मॉडल को पूरे भारत में ज़्यादा यूज़र्स तक पहुंचाने की दिशा में एक स्वाभाविक अगला कदम है.

### एसबीआई लाइफ का 'जॉली एंड पॉली' अभियान

इंदौर. भारत की सबसे विश्वसनीय निजी जीवन बीमा कंपनियों में से एक, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने क्रिकेट के सुपरस्टार, ऋषभ पंत तथा रवींद्र जडेजा को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया है, और उन्हें 'जॉली' और 'पॉली' के तौर पर पेश किया है. ये दो विशिष्ट किरदार लोगों को बताते हैं कि परिवार की ज़िम्मेदारियाँ पूरी करते हुए अपने सपने कैसे पूरे करें. एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के ब्रांड, कॉर्पोरेट कम्युनिकेशंस और सीएसआर प्रमुख, रवींद्र शर्मा ने नए ब्रांड एंबेसडर और टीवीसी के लॉन्च पर अपनी टिप्पणी में कहा भारत में आकांक्षा के लिहाज़ से पीढ़ीगत बदलाव नज़र आ रहा है, जहाँ लोग अपने परिवार की ज़िम्मेदारियों के प्रति प्रतिबद्ध रहते हुए सार्थक, उद्देश्य से प्रेरित जीवन जीना चाहते हैं. एसबीआई लाइफ में, हमारा मानना है कि जीवन बीमा से यह संतुलन संभव है. 'जॉली एंड पॉली', इस विश्वास को आसान और भरोसेमंद तरीके से दिखाते हैं। वे यह प्रदर्शित करते हैं कि लोग अपने प्रियजनों की ज़रूरतों के लिए वित्तीय रूप से तैयार हों, तो वे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकते हैं.

# एलिवेटेड कॉरिडोर पर मंथन, मेट्रो का प्रावधान भी हो

- रेसिडेंसी में हुई महत्वपूर्ण बैठक, अगली बैठक 7 फरवरी को

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** शहर में एलिवेटेड कॉरिडोर निर्माण तकनीकी और विशेषज्ञों की लेकर बनाया जाएगा. भविष्य के शहर को ध्यान में रखते हुए अगले 25 सालों का आंकलन करके योजना बनाई जाने पर चर्चा की गई. बैठक में मेट्रो के प्रावधान पर भी विचार किया गया कि एलिवेटेड कॉरिडोर में मेट्रो लाइन डालने डिजाइन में शामिल किया जाए. एलिवेटेड कॉरिडोर निर्माण के विषय में अगली बैठक 7 फरवरी को होगी.

आज रेसिडेंसी कोठी पर नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की मौजूदगी में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और विशेषज्ञों की महत्वपूर्ण बैठक हुई. बैठक में इंदौर उत्थान अभियान समिति ने 7 वर्ष पूर्व और वर्तमान को लेकर कॉरिडोर की जरूरत और निर्माण के साथ पूर्व की डिजाइन में फेरबदल की आवश्यकता बताई. आज शहर में वाहनों की संख्या में इजाफा होने और उपयोगिता पर पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के साथ बहस भी हुई. बैठक इंदौर उत्थान अभियान समिति के अजीत सिंह नारंग ने एलिवेटेड कॉरिडोर निर्माण की चौड़ाई को लेकर भी सवाल खड़े किए. बैठक में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि एलिवेटेड कॉरिडोर का स्वरूप, लंबाई और चौड़ाई भविष्य की आवश्यकता के मद्देनजर तय की जाएगी. कॉरिडोर निर्माण में धनराशि की कमी नहीं आने दी जाएगी. उन्होंने कहा कि इस संबंध में विशेषज्ञों और अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों से भी सुझाव लिए जा रहे हैं.



### वैज्ञानिक व तकनीकी आधार पर बनाया जाए कॉरिडोर

बैठक में सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि विशेषज्ञों से सुझाव लेकर कॉरिडोर को वैज्ञानिक और तकनीकी आधार पर बनाया जाए. बैठक में महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने पब्लिक यूटिलिटी की समय सीमा में स्थानांतरित करने पर जोर दिया. बैठक में एबी रोड पर मेट्रो के संचालन तथा मेट्रो के निर्माण का प्रावधान रखने के संबंध में भी चर्चा की गई. पीडब्ल्यूडी द्वारा निर्मित होने वाले एलिवेटेड कॉरिडोर निर्माण को लेकर अगली बैठक 7 फरवरी को होगी. इसमें एलिवेटेड कॉरिडोर के स्वरूप, लंबाई और चौड़ाई को लेकर अंतिम चर्चा होगी. बैठक में संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, कलेक्टर शिवम वर्मा, विधायक महेन्द्र हार्डिया, रमेश मेंदोला, मधु वर्मा तथा गोलू शुक्ला सहित इंदौर उत्थान समिति एवं संबंधित विभागों के अधिकारी और विशेषज्ञ मौजूद थे.

### महाजन बोलीं... चार साल से भुगत रहे हैं

बैठक में पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन ने कहा कि शहर में एमपीआईडीसी को न जाने किसने फ्लाई ओवर बनाने का ठेका दे दिया. शहर मूसाखेड़ी में चार साल से सजा भुगत रहा है. अधिकारी आते हैं और तीन साल में चले जाते हैं. शहरवासी कब तक परेशान होंगे. मेरी तो हो गई उम्र पूरी. कैलाश को जिम्मेदारी सौंपती हूं कि जो भी योजना बने 25 अगले सालों को ध्यान में रखते हुए बनाई जाए. बैठक में महाजन बोली एलिवेटेड कॉरिडोर समय की जरूरत है. भविष्य की आवश्यकता को देखते हुए इसका विस्तार राऊ तक किया जाना जाना चाहिए.





# पुस्तकें और वाचन संस्कृति विकसित समाज की पहचान : भारद्वाज

इंदौर. पुस्तकें मानव को शिक्षित और ज्ञानी बनाकर न सिर्फ समाज को विकसित, मानव जीवन को सफल बनाती है वरन उन्नत और सभ्य समाज की पहचान ही है पुस्तकें और समृद्ध वाचन संस्कृति. यह विचार वरिष्ठ लेखक, चिंतक और हिन्दी आंदोलन परिवार के संस्थापक, अध्यक्ष संजय भारद्वाज ने आपले वाचनालय द्वारा वाकड पुणे के अटलांटा-2 परिसर में स्थापित वाचनालय केंद्र के उद्घाटन अवसर पर अध्यक्षीय उद्बोधन में व्यक्त किए. इसके साथ ही इंदौर के प्रतिष्ठित साहित्य, कला, संस्कृति केंद्र आपले वाचनालय ने वाचन संस्कृति के संवर्धन की अपनी पुणे पहल का शुभारंभ किया. इस अवसर पर डॉ. कृष्ण कुलश्रेष्ठ ने जहां वाचनालय सरोकार केंद्रित प्रभावी कविता का वाचन किया वहीं दीपक सराफ ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में समाज में रचनात्मक सहभागिता के श्रेष्ठत्व को प्रतिपादित किया. अतिथि स्वागत नन्हे शौर्य राशिनकर ने किया. असंचालन श्रीति राशिनकर ने किया और आभार माना संदीप ने. इस अवसर पर सर्वश्री वाबले, आरसी सिंग, देशमुख, कालिदास जोशी, रवींद्र, कोडगिरे, अशोक भंडारी, अमोल गाढ़ेकर, गौरव श्रीवास्तव, भरत खटावकर, दीपक शर्मा, आकाश भोंडवे एवं डॉ .निशा कुलश्रेष्ठ, श्रेयस राशिनकर आदि प्रबुद्ध जन उपस्थित थे.

# शहर के मुख्य मार्ग होंगे अतिक्रमण मुक्त

- पुलों के नीचे स्थित जगहों का होगा विकास

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर के मुख्य मार्गों को अतिक्रमण मुक्त करने और फ्लाई ओवर ब्रिज के नीचे स्थित खाली स्थानों पर जनउपयोगी स्थल विकसित करने की योजना बनाई जाए. उक्त आदेश आज महापौर ने यातायात और उद्यान विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए.**

शहर की यातायात व्यवस्था, सौंदर्यीकरण और हरियाली को लेकर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने नगर निगम मुख्यालय में यातायात एवं उद्यान विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक ली. बैठक में शहर के प्रमुख मार्गों के फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त कर उन्हें आदर्श मार्ग बनाने, पुल-पुलियाओं के नीचे स्थित बोगदों की जनुपयोगी नीति बनाने तथा शहर में सौंदर्यीकरण कार्य तेज करने के निर्देश दिए गए. महापौर ने कहा कि एयरपोर्ट से बड़ा गणपति, बड़ा गणपति से एमजी रोड पलासिया तक और बंगाली चौराहा से तिलक नगर चौराहा के मार्गों पर फुटपाथों से अतिक्रमण हटाया जाए. इसके लिए यातायात विभाग एवं रिमूव्हल विभाग संयुक्त कार्रवाई करेंगे.



### सूचना बोर्ड शीघ्र लगाएं

बैठक में शहर के मार्गों, चौराहों, पुलों एवं उद्यानों के नामकरण के बाद सूचना बोर्ड शीघ्र लगाने के निर्देश दिए गए. शहर के जो डिवाइडर, मीडियन, रोटरी एवं उद्यान संस्थाओं को गोद दिए गए हैं, उनका सौंदर्यीकरण कार्य शुरू करने का भी कहा गया है. साथ ही बिना अनुमति के होर्डिंग्स और बोर्डों पर कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए.

### समय सीमा में पूरा करें कार्य

महापौर ने मधुमिलन चौराहे का सौंदर्यीकरण एवं विकास को लेकर अधिकारियों से समय सीमा कार्य पूरा करने को कहा. बैठक में पुल-पुलियाओं के नीचे स्थित बोगदों में खेल गतिविधियां, बैठक स्थल और अन्य जनोपयोगी सुविधाएं विकसित करने के लिए एक समग्र नीति और कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए गए.

# निगमायुक्त ने भागीरथपुरा में नर्मदा और ड्रेनेज लाइन कार्य का किया मौका निरीक्षण

- रहवासियों से की बातचीत

नव भारत न्यूज

**इंदौर. नगर निगम आयुक्त ने आज सुबह सुबह भागीरथपुरा का दौरा किया. दौरे में आयुक्त ने क्षेत्र में नर्मदा और ड्रेनेज लाइन के कामों का मौका निरीक्षण किया. अधिकारियों को निर्देश दिए है कि समय सीमा के साथ कार्य की गुणवत्ता विशेष ध्यान रखा जाए.**

आज सुबह करीब 6.30 बजे नगर आयुक्त क्षितिज सिंघल द्वारा भागीरथपुरा क्षेत्र का निरीक्षण किया गया. आयुक्त ने मौका निरीक्षण में भागीरथपुरा क्षेत्र के तारा मेडिकल, नई बस्ती, एमआर- 4 रोड तथा मंदिर क्षेत्र में नर्मदा और ड्रेनेज लाइन कार्यों को देखा. आयुक्त सिंघल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लाइनों का निर्माण कार्य शर्तों में निहित मापदंडों के साथ समय सीमा में पूरा करने का लक्ष्य रखे. इसके साथ कार्यस्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था, बैरिकेडिंग एवं चेतावनी संकेतक अनिवार्य रूप से लगाए. निरीक्षण के दौरान आयुक्त द्वारा क्षेत्रीय रहवासियों से बातचीत भी की. उन्होंने रहवासियों से पेयजल आपूर्ति एवं नगर निगम द्वारा टैंकर से जलप्रदाय व्यवस्था का फीडबैक लिया. आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जब तक स्थायी जल आपूर्ति व्यवस्था शुरू नहीं हो जाती, तब तक क्षेत्र में नियमित रूप से टैंकरों के माध्यम से निरंतर जल उपलब्ध कराया जाए.



### मलबा हटाने के दिए निर्देश

इसके बाद आयुक्त सिंघल ने पिछले दिनों संगम नगर झोनल कार्यालय के पास स्थित पेयजल टंकी हटाने का स्थल निरीक्षण किया. साथ ही तोड़ी गई टंकी का मालवा हटाकर सफाई के निर्देश दिए गए. निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त आशीष पाठक, कार्यपालन यंत्री अश्विन जनवदे, लक्ष्मीकांत वाजपेई, झोनल अधिकारी आनंद रैदास सहित निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे.

### 'मोहन से महात्मा तक' दुआ सभागृह में भारती दीक्षित की प्रस्तुति आज



**इंदौर.** संस्था सेवा सुरभि द्वारा प्रवर्तित झंडा ऊँचा रहे हमारा अभियान का समापन 30 जनवरी को सुबह 10 बजे रीगल चौराहा स्थित दुआ सभागृह में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के निर्वाण दिवस पर मोहन से महात्मा तक शीर्षक भावपूर्ण आयोजन के साथ होगा. संस्था के संयोजक ओमप्रकाश नरेडा, अनिल त्रिवेदी एवं कुमार सिद्धार्थ ने बताया शहर कि प्रख्यात लेखक, चित्रकार और रंगकर्मी सुश्री भारती दीक्षित इस कार्यक्रम में बापू की दास्तानगोई प्रस्तुत करेंगी जिसमें 'मोहन से महात्मा तक' की संघर्षपूर्ण और प्रेरणादायी जीवन यात्रा को बहुत दिलचस्प अंदाज में संयोजा गया है. बापू के जीवनवृत्त को सुश्री दीक्षित के माध्यम से नए अंदाज में सुनना सुधि श्रोताओं के लिए नया अनुभव होगा। कार्यक्रम के सूत्रधार होंगे प्रसिद्ध रंगकर्मी संजय पटेल. कार्यक्रम आम श्रोताओं के लिए खुला है, लेकिन प्रवेश 'पहले आएं-पहले पाएं' के आधार पर ही संभव होगा.



# आचार्य विद्यासागर महाराज की स्मृति में स्मारक डाक टिकट जारी करने की मांग

**इंदौर. सद्भावना पारमार्थिक न्यास के पदाधिकारियों ने जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट से भेंट कर जैन दर्शन के महान संत, तपस्वी, राष्ट्रचिंतक एवं आध्यात्मिक विभूति आचार्य विद्यासागर महाराज की स्मृति में भारत सरकार द्वारा स्मारक डाक टिकट जारी किए जाने की मांग की.**

इस संबंध में मंत्री तुलसीराम सिलावट द्वारा केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया को एक औपचारिक पत्र भी प्रेषित किया गया. पत्र में उल्लेख किया गया कि आचार्य विद्यासागर का संपूर्ण जीवन अहिंसा, संयम, नैतिकता, राष्ट्बोध एवं सांस्कृतिक चेतना को समर्पित रहा है. उनके विचारों और तपस्वी जीवन ने समाज को नैतिक मूल्यों की दिशा में प्रेरित किया है. इस अवसर पर मंत्री प्रतिनिधि एवं समाजसेवी अशोक गोयल ने मंत्री सिलावट से आग्रह किया कि वे इस विषय पर केन्द्रीय मंत्री सिंधिया से व्यक्तिगत चर्चा कर स्मारक डाक टिकट जारी करवाने का अनुरोध करें. भेंट के दौरान सद्भावना पारमार्थिक न्यास के पदाधिकारियों में जगत कुमार जैन (सेवानिवृत्त हाईकोर्ट जज), प्रियांशु जैन, स्वप्निल जैन, सौरभ जैन एवं सुमित जैन उपस्थित रहे. सभी ने भारत सरकार से इस महत्वपूर्ण प्रस्ताव पर सकारात्मक विचार कर शीघ्र निर्णय लेने का आग्रह किया, ताकि आचार्य विद्यासागर के अमूल्य योगदान को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिल सके.

## एक नजर में

शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास द्वारा आयोजित ज्ञानसभा में मध्यप्रदेश के विकास के लिए शिक्षा पर हुआ मंथन

# भारतीय सभ्यता ने शक्ति के स्थान पर ज्ञान को आधार बनाया : परमार

**इंदौर. ज्ञान ही भारत का वास्तविक शस्त्र है, और भारतीय सभ्यता ने सदैव शक्ति के स्थान पर ज्ञान को अपना आधार बनाया है. अनादिकाल से भारत ने शस्त्र के बजाय ज्ञान के माध्यम से विश्व को दिशा देने का कार्य किया है।**

यह बात उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने कही. वे मध्य प्रदेश के विकास के लिए शिक्षा विषय पर आयोजित मध्यप्रदेश ज्ञान सभा के समापन समारोह को मुख्य अतिथ्य के रुप में संबोधित कर रहे थे. मंत्री परमार ने कहा कि ज्ञान सभा मप्र को दिशा देने की कोशिश के रूप में देखता हूं. भारत के भाव पर गर्व करना शिक्षा के मन्दिरों से निकलना चाहिए. गुलामी के भाव को बाहर करना है. 2020 शिक्षा नीति आने के बाद हमने अपने को पहचानना प्रारम्भ कर दिया है. भारत ने ज्ञान के आधार पर दुनिया को जीता था. शक्ति का आधार भारत का ज्ञान है. समापन कार्यक्रम में सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज, श्री वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति पुरुषोत्तमदास पसारी ने भी संबोधित किया. प्रति कुलाधिपति कमल नारायण जी भुराडिया भी समारोह में उपस्थित रहे. कुलगुरु डॉ. योगेश चंद्र गोस्वामी ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि शिक्षा केवल ज्ञानार्जन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है. समापन कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव को इण्डिया नहीं भारत का प्रयोग करने पर सम्मानित किया गया. समापन कार्यक्रम का संचालन डॉ. दिनेश दवे ने किया.



**मानस बदलने का अभियान**- ज्ञान सभा के दूसरे दिन उच्च शिक्षा पर मंथन आयोजित हुआ. कार्यक्रम में मध्य प्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी के निदेशक अशोक कड़ेल ने कहा कि देश में मध्यप्रदेश ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को सबसे पहले अंगीकृत कर क्रियान्वित किया है. कार्यक्रम में अतिथि परिचय डॉ चांदनी गोले ने दिया. ज्ञान सभा की रुपरेखा डॉ. सुनीता जोशी ने प्रस्तुत की. संचालन डॉ निकिता दुबे ने किया. आभार कुलगुरु प्रो योगेश चंद्र गोस्वामी ने माना. ज्ञानसभा के दूसरे सत्र को संबोधित करते हुए न्यास के राष्ट्रीय सचिव डॉ. अतुल कोठारी ने कहा कि शिक्षा नीति के लिए सम्पूर्ण राष्ट्र के विद्यार्थियों ,अभिभावकों, शिक्षाविदों, एवं आचार्यों से सुझाव मांगे गए थे. राष्ट्रीय शिक्षा नीति मानस को बदलने का अभियान है. मंच पर अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा इंदौर संभाग डॉ रमेश दीक्षित एवं फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया के डॉ दीपेंद्र सिंह उपस्थित थे. कार्यक्रम में नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, महापौर पुष्यमित्र भार्गव सहित 15 विश्व विद्यालयों के कुलगुरु विशेष रूप से उपस्थित थे.

### शिक्षक महत्वपूर्ण रोल निभा सकते हैं

शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली द्वारा श्री वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय एवं मध्य प्रदेश निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग भोपाल के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित दो दिवसीय मध्यप्रदेश ज्ञानसभा मध्य प्रदेश के विकास में शिक्षा विषय पर आयोजित की गई. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ. मनमोहन वैद्य ने ज्ञानसभा के दूसरे दिवस सम्बोधित करते हुए कहा कि भारत को भारतीय अवधारणा के साथ दिखाने और सिखाने में शिक्षक महत्वपूर्ण रोल अदा कर सकते हैं. शिक्षकों को भारत की आभा को प्रतिस्थापित और प्रतिष्ठित करने की जिम्मेदारी निभाना चाहिए. भारत एक राष्ट्र है.